e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, गुरुवार, 24 जनवरी 2019, माघ मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी, संवत् 2075 विक्रमी वर्ष-12, अंक-101, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

एसएमएस ने प्रकाशित किया बुलेटिन

लखनऊ। संस्थान के अध्यापकों एवं छात्रों को उच्च श्रेणी की व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त हो सके इसके लिए स्कूल ऑफमैनेजमेंट साईंसेज लखनऊ ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित शिक्षा जगत के लोकप्रिय कार्यक्रम स्वयं एवं नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नॉलोजी इंनहैंस्ड लर्निंग (एनपीटीईएल) के कार्यक्रमों की रूपरेखा का संकलन एक बुलेटिन के रूप में प्रकाशित किया गया। इस महत्वपूर्ण बुलेटिन के प्रथम अंक को 19 जनवरी को उत्तरी क्षेत्र के 10 राज्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रो. विनीत कंसल, डीन, एकेटीयू लखनऊ एवं एनपीटीईएल के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. सत्यकी रॉय, आईआईटी कानपुर द्वारा विमोचन किया गया। उत्तरी क्षेत्र के 10 राज्यों में स्कूल ऑफमैनेजमेंट साईंसेज ही एकमात्र ऐसा संस्थान है जिसके द्वारा स्वयं एवं एनपीटीईएल के द्वारा संचालित कार्यक्रमों को एक बुलेटिन के रूप में संकलित किया गया है। इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए शमित श्रीवास्तव समन्वयक एनपीटीईएल, एसएमएस लखनऊ को राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. सत्यकी रॉय ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।